# वार्षिक पाठ्यक्रम
## सत्र : 2022-23
## कक्षा – 6 (स्तर 1)
## विषय – हिंदी

| (वसंत भाग 1) पाठ संख्या और नाम | विधा/विषय-वस्तु | व्याकरण और रचनात्मक लेखन | अधिगम संप्राप्ति | संदर्भ/सुझावात्मक क्रियाकलाप |
|---|---|---|---|---|
| **पाठ 1.**<br>वह चिड़िया जो<br>(केदारनाथ अग्रवाल) | कविता / प्रकृति<br>एक चिड़िया जो उन्मुक्त प्राकृतिक वातावरण/ परिवेश में प्रसन्न/ संतुष्ट है। | **पूर्ववर्ती कक्षाओं से लिए गए विषय-वस्तु-**<br>**कक्षा 4 – का. सं. 60A, 63A, 66A**<br>विशेषण की पहचान<br>**कक्षा 5 – का. सं. 39A**<br>विशेषण का प्रयोग<br>**कक्षा 6 –**<br>विशेषण के भेद एवं प्रयोग<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिन्दु – **क्रिया विशेषण** की पहचान और प्रयोग<br>प्रकृति एवं पर्यावरण से सम्बंधित विषयों पर आधारित अपठित पद्यांश का अभ्यास | - कविता विधा से परिचित होंगे,<br>- भावानुकूल सस्वर वाचन में सक्षम होंगे,<br>- प्राकृतिक परिवेश, जीव-जंतु के प्रति जिज्ञासु होंगे,<br>- पशु-पक्षी के प्रति संवेदनशील होंगे,<br>- कल्पनाशीलता का विकास होगा,<br>- पाठान्तर्गत प्रयुक्त नए शब्दों से परिचित होते हुए उनका प्रयोग कर सकेंगे।<br>- पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं के अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग करने में समर्थ होंगे। | • कार्यपत्रक सं. 11-13<br>• प्रकृति एवं पर्यावरण से सम्बंधित विन्दुओं पर अनुच्छेद/निबंध लेखन/ चित्र वर्णन |
| **पाठ .3**<br>नादान – दोस्त<br>प्रेमचंद | कहानी / बाल सुलभ क्रियाओं का वर्णन।<br>बच्चे नादानी में गलती कर देते हैं, जबकि उनका उद्देश्य अच्छा है।<br>पशु-पक्षियों के प्रति संवेदनात्मक भाव | **कक्षा 4 – का. सं. 52A**<br>सर्वनाम की पहचान<br>**कक्षा 5 – का. सं. 10**<br>सर्वनाम का प्रयोग<br>**कक्षा 6 –**<br>सर्वनाम के भेद एवं प्रयोग<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिन्दु – **पुरुषवाचक सर्वनाम** की पहचान और प्रयोग<br>**क्रिया विशेषण** की पहचान और प्रयोग<br>अपने बचपन की किसी नादानी पर लघुकथा/ कहानी/ अनुच्छेद लेखन | - कहानी विधा से परिचित होंगे,<br>- महान कथाकार प्रेमचंद एवं उनके कुछ प्रमुख कृतियों से परिचित होंगे ,<br>- आदर्श वाचन में सक्षम होंगे ,<br>- हमारे आसपास रहने वाले पक्षियों के बारे में जानेंगे,<br>- पक्षियों के अंडे एवं उनके रख-रखाव के बारे में समझेंगे,<br>- नादानी में की गई गलतियों एवं उनके परिणाम के बारे में सोचने का प्रयास करेंगे,<br>- माता-पिता एवं अभिभावक द्वारा दिए गए निर्देशों का महत्त्व समझेंगे, | • कार्यपत्रक सं. 20-29<br>• बचपन में की गई किसी नादानी पर लघुकथा/ कहानी वाचन/ चर्चा |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | - पाठान्तर्गत प्रयुक्त नए शब्दों से परिचित होते हुए उनका प्रयोग कर सकेंगे ,<br>- पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं के अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग करने में समर्थ होंगे ।<br>अभ्यासप्रश्न हल करने में सक्षम होंगे। | |
| **पाठ 5.**<br>अक्षरों का महत्व<br>गुणाकर मूले | निबंध/ अक्षरों के बारे में जानकारी देते हुए तथ्यपरक निबंध<br>अक्षरों के इतिहास, मानव सभ्यता और विकास में उनका महत्त्व | **कक्षा 4 – का. सं. 60A, 63A, 66A**<br>विशेषण की पहचान<br>**कक्षा 5 – का. सं. 39A**<br>विशेषण का प्रयोग<br>**कक्षा 6 –**<br>संख्यावाची विशेषण की पहचान और प्रयोग<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिन्दु –<br>**संख्यावाची विशेषण** की पहचान और प्रयोग<br>**उपसर्ग** की पहचान और प्रयोग | - 'निबंध 'शब्द से परिचित होते हुए इस विधा के बारे में जान सकेंगे,<br>- भावानुकूल एवं आदर्श वाचन में सक्षम होंगे ,<br>- इस ज्ञानपाठ के माध्यम से भाषा वर्धक- के उद्गम एवं विकास को समझने का ,प्रयास करेंगें<br>- प्रारंभिक संकेत लिपि के बारे में जानेंगे,<br>- अक्षरों का हमारे जीवन में कितना महत्त्व है ,इसे जान सकेंगे ,<br>- कुछ प्राचीन भाषा एवं लिपियों के नाम से अवगत होंगे,<br>- तर्क कौशल एवं वैचारिकता का विकास होगा,<br>- पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं के अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग करने में समर्थ होंगे,<br>- अभ्यासप्रश्न हल करने में सक्षम होंगे। | • कार्यपत्रक सं. 30-34 |

- **उपरोक्त पाठ्यक्रम 30 सितम्बर 2022 तक पूरा करवाना अनिवार्य है।**
- **मध्यावधि परीक्षा हेतु पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति करवाई जाए।**
- **दिया गया पाठ्यक्रम मूल्यांकन हेतु है । ध्यातव्य है कि शेष पाठ्य-वस्तु अधिगम संवृद्धि के उद्देश्य मात्र है।**

**ध्यातव्य है कि पूरक पाठ्य-पुस्तक "बाल रामकथा" कक्षा-6 अधिगम संवृद्धि (Learning Enrichment) के उद्देश्य मात्र से हैं । गत परीक्षाओं में इन पूरक पुस्तकों से प्रश्न नहीं पूछे गए हैं । अधिगम संवृद्धि (Learning Enrichment) के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु इनका उपयोग किया जा सकता है।**

## मध्यावधि परीक्षा

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **पाठ 7.**<br>साथी हाथ बढ़ाना<br>साहिर लुधियानवी | गीत/ सामाजिक और सामुदायिक सहभागिता, परस्पर सहयोग की भावना | **कक्षा 4 – का. सं. -52A**<br>सर्वनाम की पहचान<br>लिंग: पहचान<br>**कक्षा 5 – का. सं. 10**<br>सर्वनाम का प्रयोग<br>लिंग: प्रयोग<br>**कक्षा 6 –**<br>सर्वनाम के भेद एवं प्रयोग<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिन्दु – **निजवाचक सर्वनाम** की पहचान और प्रयोग<br>**पर्यायवाची और समानार्थी शब्दों** की पहचान और प्रयोग<br>लिंग: प्रयोग और अभ्यास<br>वचन: प्रयोग और अभ्यास<br>मुहावरे के अर्थ को समझना और वाक्य में प्रयोग करना<br>एक-एक ग्यारह, मुहावरे के माध्यम से सामाजिक और सामुदायिक सहभागिता, परस्पर सहयोग की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा सकता है। | - भावानुकूल ,सस्वर एवं आदर्श वाचन में सक्षम होंगे ,<br>- कविता के मूलभाव यथा सहकारिता , सहयोग एवं परोपकार की भावना से परिचित होंगे एवं अपने जीवन में भी आत्मसात् कर सकेंगे,<br>- की भावना से 'एक और एक ग्यारह' परस्पर सहयोग की परिचित होते हुए भावना समझने का प्रयत्न करेंगे<br>- पाठान्तर्गत प्रयुक्त नए शब्दों से परिचित होते हुए उनका प्रयोग कर सकेंगे ,<br>- पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं एवं मुहावरों से अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग करने में समर्थ होंगे,<br>- अभ्यासप्रश्न हल करने में सक्षम होंगे। | • कार्यपत्रक सं. 35-38<br>मुहावरे के अर्थ को समझकर वाक्य में प्रयोग करने का अभ्यास |
| **पाठ 8**<br>ऐसे – ऐसे<br>विष्णु प्रभाकर | एकांकी/<br>विद्यालय न जाने के बहाने बनाने के विषय को लेकर हास्य एकांकी<br><br>एकांकी के विषयवस्तु-, पात्र , घटनाक्रम आदि ,संवाद पर चर्चा एवं घटनाक्रम को अपने निजी जीवन से जोड़कर देखने का नज़रिया<br>कल्पनात्मकता का विकास | **कक्षा 4 – का. सं. 52A,**<br>सर्वनाम की पहचान<br>**कक्षा 5 – का. सं. 10**<br>सर्वनाम का प्रयोग<br>**कक्षा 6 –**<br>सर्वनाम के भेद एवं प्रयोग<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिन्दु – **निजवाचक सर्वनाम** की पहचान और प्रयोग | एकांकी शब्द से परिचित होते हुए इस विधा के बारे में जान सकेंगे,<br>भावानुकूल एवं पात्रानुकूल आदर्श वाचन में सक्षम होंगे,<br>विद्यार्थी विद्यालय जाने के लिए किस- किस प्रकार के बहाने बनाते हैं, इसे जान सकेंगे<br>एकांकी के विषय-वस्तु एवं घटनाक्रम को अपने निजी जीवन से जोड़कर देखते है,<br>पात्र, संवाद, घटनाक्रम आदि शब्दों से परिचित हो सकेंगे,<br>पाठान्तर्गत प्रयुक्त व्याकरणिक बिन्दुओं से अवगत होते हुए उनका भाषिक प्रयोग करने में समर्थ होंगे,<br>अभ्यासप्रश्न हल करने में सक्षम होंगे। | • कार्यपत्रक सं. 39-46<br>• विद्यालय न जाने के बहाने बनाने के विषय को लेकर विद्यार्थी अपने अनुभव को कक्षा में साझा/ चर्चा करें। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **पाठ.12**<br>संसार पुस्तक है<br>जवाहर लाल नेहरु | पत्र/ पत्र लेखन के महत्त्व-<br>अनुभव जन्य सीख और चिंतन की प्रवृति का विकास<br>महान एवं ऐतिहासिक व्यक्तित्व के द्वारा लिखे गए पत्रों के प्रति जिज्ञासा और उनसे ली गई प्रेरणा अथवा सीख | **कक्षा 4 – का. सं. 112A, 142A**<br>प्रत्यय शब्द से परिचित<br>योजक चिह्न शब्द से परिचित<br><br>**कक्षा 5 – का. सं. 55A**<br>प्रत्यय शब्दों की पहचान<br>योजक चिह्नों की पहचान<br>**कक्षा 6 –**<br>प्रत्यय शब्दों का प्रयोग<br>योजक चिह्नों का प्रयोग<br>पाठान्तार्गत व्याकरणिक बिन्दु –<br>योजक चिह्नों का अभ्यास<br>प्रत्यय शब्दों का अभ्यास | - 'पत्र' विधा से परिचित होंगे,<br>- आदर्श वाचन में सक्षम होंगे,<br>- जवाहरलाल नेहरु के नाम एवं उनके व्यक्तित्व से परिचित होंगे,<br>- तर्क कौशल एवं वैचारिकता का विकास होगा,<br>- पत्रलेखन के महत्त्व- को समझ सकेंगे,<br>- पत्र,लेखन के लिए प्रेरित होंगे-<br>- महान एवं ऐतिहासिक व्यक्तित्व के द्वारा लिखे गए पत्रों के प्रति जिज्ञासु होंगे ,<br>- पाठान्तर्गत प्रयुक्त नए शब्दों एवं व्याकरणिक बिन्दुओं से परिचित होते हुए उनका भाषिक प्रयोग कर सकेंगे, अभ्यासप्रश्न हल करने में सक्षम होंगे। | **--** |
| **पाठ 13**<br>मैं सबसे छोटी होऊँ<br>सुमित्रानंदन पंत | कविता/ बाल - सुलभ मनोभावों की अभिव्यक्ति<br>बाल - सुलभ अपेक्षाओं पर चर्चा | **कक्षा 4 – का. सं. 19A, 27A**<br>**पर्यायवाची शब्दों** से परिचित<br>**समानार्थी शब्दों** से परिचित<br><br>**कक्षा 5 – का. सं. 22A, 33A**<br>**पर्यायवाची शब्दों** की पहचान<br>**समानार्थी शब्दों** की पहचान<br>**कक्षा 6 –**<br>**पर्यायवाची और समानार्थी शब्दों** की पहचान और प्रयोग | - बाल सुलभ-कविता से परिचित होंगें,<br>- भावानुकूल एवं सस्वर वाचन में सक्षम होंगे,<br>- बाल सुलभ अपेक्षाओं को जान सकेंगे,<br>- माँ और बच्चे के बीच के वात्सल्य भाव की अनुभूति कर सकेंगे ,<br>- अपने बचपन की स्मृतियों को अभिव्यक्त करने का प्रयास कर सकते हैं ,<br>- पाठान्तर्गत प्रयुक्त नए शब्दों एवं व्याकरणिक बिन्दुओं से परिचित होते हुए उनका भाषिक प्रयोग कर सकेंगे, अभ्यासप्रश्न हल करने में सक्षम होंगें । | --<br>बाल - सुलभ अपेक्षाओं पर चर्चा |

- **उपरोक्त पाठ्यक्रम 31 जनवरी 2023 तक पूरा करवाना अनिवार्य है।**
- **वार्षिक परीक्षा में संपूर्ण पाठ्यक्रम का मूल्यांकन किया जाएगा जाएगा।**
- **वार्षिक परीक्षा हेतु संपूर्ण पाठ्यक्रम की पुनरावृत्ति करवाई जाए।**
- **दिया गया पाठ्यक्रम मूल्यांकन हेतु है । ध्यातव्य है कि शेष पाठ्य-वस्तु अधिगम संवृद्धि के उद्देश्य मात्र है।**
  **ध्यातव्य है कि पूरक पाठ्य-पुस्तक "बाल रामकथा" कक्षा-6 अधिगम संवृद्धि (Learning Enrichment) के उद्देश्य मात्र से हैं | गत परीक्षाओं में इन पूरक पुस्तकों से प्रश्न नहीं पूछे गए हैं । अधिगम संवृद्धि (Learning Enrichment) के उद्देश्यों की पूर्ति हेतु इनका उपयोग किया जा सकता है।**

## वार्षिक परीक्षा